बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
(मुख्य सचिव कोषांग)

पत्रांक:– 608/गो० मु० स०   दिनांक:– 28/05/2024

प्रेषक,

ब्रजेश मेहरोत्रा,
मुख्य सचिव, बिहार

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव
बिहार, पटना

विषय:– **लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में ।**

प्रसंग:– **जिला पदाधिकारी, पटना का पत्रांक 5457 दिनांक 08.05.2024 (छायाप्रति संलग्न)**

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में कहना है कि दिनांक 01.06.2024 को पटना जिलान्तर्गत पटना साहिब एवं पाटलिपुत्रा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि निर्धारित है तथा इस दिन मतदान देने हेतु राज्य सरकार की ओर से सवैतनिक अवकाश की घोषणा भी की गयी है । लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक–से–अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें ।

अनुरोध है कि अपने–अपने विभागान्तर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने एवं लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के ध्येय से एक सूचना जारी की जाय कि वे पटना जिलान्तर्गत पटना साहिब एवं पाटलिपुत्रा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 01.06.2024 को मतदान उपरांत मतदान केन्द्र पर बने सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेकर (उंगली पर लगी स्याही के निशान के साथ) अपने विभाग के वेबसाईट पर विभागीय आई0टी0 प्रबंधक के माध्यम से अपलोड करेंगे । तत्पश्चात् संबंधित विभाग मताधिकार का प्रयोग करने वाले अपने पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति जिला पदाधिकारी, पटना को भी उपलब्ध करायेंगे ।

अतः अनुरोध है कि अपने–अपने विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेल्फी को अपलोड करने के उपरांत मताधिकार का प्रयोग करने वाले कर्मियों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ।

अनु0–यथोक्त ।

विश्वासभाजन

(ब्रजेश मेहरोत्रा) 28/5/24
मुख्य सचिव, बिहार